RAJKIYA ENGINEERING COLLEGE, KANNAUJ

UTTAR PRADESH

(A GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE)

संख्याः 501/नि0का0/आर0ई0सी0/कन्नौज/2017 दिनांकः 20 दिसम्बर, 2017

सेवा में

विषयः **सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 03-11-2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से संस्थान में शैक्षिक पदों हेतु जारी विज्ञापन संख्याः 01/Advt./RECK/2017 एवं चयन प्रक्रिया आदि से सम्बन्धित सूचनायें, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत मांगी गई है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आप किसी भी कार्यदिवस में संस्थान में उपस्थित होकर कर संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन संख्याः 01/Advt./RECK/2017 एवं चयन प्रक्रिया आदि से सम्बन्धित सूचना देख अथवा निर्धारित शूल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।

भवदीया,

(प्रो0 नीलम श्रीवास्तव)

निदेशक

सेवा में,

जनसूचना अधिकारी / निदेशक
राजकीय इंजी० कालेज
कन्नौज, उ० प्र०।

विषयः– जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना मांगे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

राजकीय इंजी० कालेज कन्नौज में प्रोफेसर, एसो० प्रोफेसर व असि० प्रोफेसरों की भर्ती (**Advertisement No.: 01/Advt./RECK/2017**) में विश्वविद्यालय द्वारा करायी जा रही चयन–प्रक्रिया के संदर्भ में निम्न प्रश्नों के उत्तर जनसूचना अधिकार के तहत प्रार्थी चाह रहा है।

प्रश्नः–1 आपने किस नियम के तहत विश्वविद्यालय को भर्ती करने का अधिकार दिया? क्या यह अधिकार निदेशक को प्राप्त है? यदि नहीं तो किस आधार पर आपने विज्ञापन कालेज स्तर पर निकालकर अंत में भर्ती का अधिकार विश्वविद्यालय को दे दिया? इसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें।

प्रश्नः–2 क्या कालेज के BOG (Board of Governors) की संस्तुति विज्ञापन से पूर्व ली गयी जिसमें BOG (Board of Governors) ने विश्वविद्यालय स्तर पर भर्ती का निर्णय लिया हो? इसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें।

प्रश्नः–3 क्या आवेदनों की स्क्रीनिंग कालेज स्तर पर की गयी? यदि हां तो किन अधिकारियों / कर्मचारियों ने स्क्रीनिंग की उनकी समिति के सदस्यों के नाम, पद, फोटो पहचान–पत्र सहित उपलब्ध करायें।

प्रश्नः–4 क्या स्क्रीनिंग प्रक्रिया कालेज के बॉयलाज के अनुसार की गयी है? यदि हां तो, रिपोर्ट की सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें।यदि ना तो बॉयलाज के नियमों की अनदेखी क्यो की गयी?

प्रश्नः–5 क्या कालेज के बॉयलाज में लिखित परीक्षा का प्रावधान था? यदि हां तो, उसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें। यदि न तो, क्या BOG (Board of Governors) ने विश्वविद्यालय को लिखित परीक्षा कराने की अनुमति दी थी, इसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध करायें।

प्रश्नः–6 कालेज स्तर पर कुल कितने आवेदन प्राप्त हुये इसकी विषयवार, जातिवार सूची उपलब्ध करायें।

दिनांक – 03.11.17

AR